Phone: (O): 011-23019320
011-23019080
E-mail: kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
Website: www.inc.in

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. Venugopal, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011

Org – 7/1604

10 दिसंबर 2022

प्रिय सहयोगी,

कांग्रेस पार्टी के संचालन समिति की बैठक 4 दिसंबर 2022 को सुबह 10 बजे AICC मुख्यालय, 24 अकबर रोड, नई दिल्ली में हुई।

कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने बैठक की अध्यक्षता की। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी और संचालन समिति के अन्य सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया।

बैठक में 28 अगस्त 2022 को हुई CWC की बैठक की रिपोर्ट को मंजूरी दी गई और सर्वसम्मति से निम्नलिखित दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए-

I - पूर्ण अधिवेशन

- छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फरवरी के दूसरे पखवाड़े में तीन दिवसीय पूर्ण सत्र आयोजित किया जाएगा।
- वहां विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी, महत्वपूर्ण विषयों पर संकल्प लिए जाएंगे और एक बड़ी जनसभा के साथ सत्र का समापन होगा।

II - हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

- यह जन संवाद कार्यक्रम सफल भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार होगा।
- यह कार्यक्रम 26 जनवरी 2022 से शुरू होकर दो महीने तक चलेगा।
- यह कैंपेन पदयात्रा के रूप में देश की सभी ग्राम पंचायतों और मतदान केंद्रों में होगा।

Phone: (O): 011-23019320
011-23019080
E-mail: kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
Website: www.inc.in

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. Venugopal, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011

यह अभियान निम्नलिखित तीन स्तरों पर आयोजित किया जाएगा।

1. **<u>गांव और ब्लॉक स्तर पर</u>**

- हर गांव और पोलिंग बूथ को कवर करते हुए दो महीने की पदयात्रा
- प्रत्येक ब्लॉक में एक माह
- गांव-गांव में कांग्रेस का झंडा फहराकर यात्रा शुरू करें
- हर गांव में एक बैठक
- डोर टू डोर जनसंपर्क करें
- यात्रा के मूल संदेश के साथ श्री राहुल गांधी का पत्र बांटे
- मोदी सरकार के ख़िलाफ़ चार्जशीट बांटे
- हर दरवाजे पर भारत जोड़ो यात्रा का स्टीकर चिपकाएं
- हर गांव में भारत जोड़ो यात्रा के भावनात्मक वीडियो दिखाएं
- हर गांव में व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं
- एनएसयूआई/यूथ कांग्रेस हर ब्लॉक में बाइक रैली का आयोजन करेगी।

2. **<u>ज़िला स्तर पर</u>**

- **कार्यकर्ता मेला - हर ज़िला मुख्यालय पर कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और इनफ्लुएंसर्स का एक सम्मेलन।**
- पीसीसी अध्यक्ष, सीएलपी नेता और राज्य के वरिष्ठ नेता इसमें भाग लेंगे और संबोधित करेंगे।

3. **<u>राज्य स्तर पर</u>**

- **कार्यकर्ता महासंगम - इस अभियान का समापन कांग्रेस की महारैली में होगा।**
- महा रैली को माननीय कांग्रेस अध्यक्ष / पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्तर के नेता संबोधित करेंगे।
- **भारत जोड़ो मेला - राज्य स्तर पर युवा केंद्रित कार्यक्रम।**

Phone: (O): 011-23019320
011-23019080
E-mail: kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
Website: www.inc.in

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. Venugopal, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011

- विशाल एलईडी स्क्रीन पर यात्रा के दृश्य दिखाए जाएंगे।
- प्रसिद्ध गायकों, कलाकारों, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स के साथ संगीत/सांस्कृतिक कार्यक्रम।

- श्रीमती प्रियंका गांधी के नेतृत्व में हर राज्य की राजधानी में महिला मार्च।
  - समापन रैली में महिला घोषणापत्र का विमोचन किया जाएगा।

अभियान की योजना बनाने के लिए प्रारंभिक बैठकों की अनुसूची

1. राज्य स्तरीय	**-**	**15 दिसंबर से 19 दिसंबर**
2. जिला स्तरीय	**-**	**20 दिसंबर से 24 दिसंबर**
3. ब्लॉक स्तरीय	**-**	**26 दिसंबर से 29 दिसंबर**

एआईसीसी के सभी महासचिवों/प्रभारियों से अनुरोध किया जाता है कि राज्य स्तर पर पीसीसी द्वारा आयोजित तैयारी बैठकों में हिस्सा लें।

सस्नेह,

सादर,

(के.सी. वेणुगोपाल)

प्रति : संचालन समिति के सभी सदस्य, पीसीसी अध्यक्ष, सीएलपी नेता।

Cc: एआईसीसी सचिव, फ्रंटल संगठनों / विभागों / प्रकोष्ठों के प्रमुख।